-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 14.06.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖थाना पैलानी पुलिस द्वारा 25 हजार रुपए के इनामिया वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाए जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पैलानी पुलिस द्वारा 25 हजार रुपए के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना पैलानी क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा दिनांक 21.03.2025 को थाना पैलानी पर सूचना दी गई कि थाना जसपुरा क्षेत्र के ग्राम नादादेव का रहने वाला रोहित सिंह द्वारा उसकी नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म कर उसकी अश्लील वीडियो/फोटो बनाकर वायरल कर दिया गया तथा मना करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जिसके संबंध में थाना पैलानी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था जिसमें अभियुक्त कई दिनों से फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा अभियुक्त की जल्द गिरफ्तारी हेतु 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इसी क्रम में थाना पैलानी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को ग्राम सिंघन कला से गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. रोहित सिंह प्रेम सिंह निवासी नादादेव थाना जसपुरा जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. प्रा0निरी0 श्री सुखराम सिंह
2. हे0का0 महेश्वर त्रिपाठी
3. कां0 प्रवेश पटेल
4. म0कां0 अंशू सिंह